भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 3131
उत्तर देने की तारीख- 18.12.2025

केरल में ईएमआरएस का कामकाज

3131. डॉ. एम.पी.अब्दुस्समद समदानी :

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में कार्यरत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में बुनियादी अवसंरचना की वर्तमान स्थिति का आकलन किया है;
(ख) यदि हां, तो कक्षाओं, छात्रावासों, स्वच्छता सुविधाओं, आईसीटी अवसंरचना और प्रशिक्षित शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की उपलब्धता के संबंध में बताई गई कमियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने केरल के वायनाड, पलक्कड़, इडुक्की और अन्य जनजाति बहुल जिलों में स्वीकृत ईएमआरएस परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या मौजूदा ईएमआरएस सुविधाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय या तकनीकी सहायता का प्रस्ताव है, जिसमें स्मार्ट कक्षाएं, डिजिटल शिक्षण उपकरण, खेल अवसरंचना और बालिकाओं के लिए छात्रावास व्यवस्था के प्रावधान शामिल हैं; और
(ड.) सरकार द्वारा केरल में अवसंरचना की कमियों को दूर करने और सभी स्वीकृत ईएमआरएस का पूर्ण संचालन कब तक सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (ड.) जनजातीय कार्य मंत्रालय केरल राज्य सहित पूरे भारत में सभी ईएमआरएस के बुनियादी अवसंरचना की स्थिति की नियमित रूप से समीक्षा करता है। अनुच्छेद 275 (1) के तहत स्वीकृत किए गए ईएमआरएस में, अगर कोई बुनियादी अवसंरचना में अंतर (कमियां) हैं, तो उसे पूरा करने के लिए ईएमआरएस के उन्नयन हेतु ₹5 करोड़ स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है।

मंत्रालय ने केरल राज्य में अनुच्छेद 275 (1) के तहत 4 ईएमआरएस को मंज़ूरी दी है। दो ज़िलों में ईएमआरएस बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो गया है, जबकि बाकी ज़िलों में निर्माण अलग-अलग चरणों में है।

सभी ईएमआरएस में ईआरएनईटी के ज़रिए चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट कक्षाएं उपलब्ध कराने के प्रावधान किए जा रहे हैं। तदनुसार, ईएमआरएस इड्डुक्की और ईएमआरएस पूकोडे में स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की गई हैं।

इसके अलावा, एनईएसटीएस ने ईएमआरएस कर्मचारी (स्टाफ) चयन परीक्षा (ईएसएसई)-2023 के ज़रिए 10391 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अपना पहला अभियान चलाया और चुने गए कर्मचारी (स्टाफ) अलग-अलग ईएमआरएस में तैनात किए गए हैं। ईएसएसई-2025 के ज़रिए 7267 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन (अधिसूचना) भी जारी कर दिया गया है। सीधी भर्ती के अलावा, एनईएसटीएस ने राज्य सरकारों को प्रतिनियुक्ति और आउटसोर्सिंग आधार पर कर्मचारी (स्टाफ) रखने की भी सलाह दी है ताकि शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा (रुकावट) न आए।

*****